कार्यालय : तालुका विधिक सेवा समिति

वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एंव अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कानोड़, जिला – उदयपुर (राज.)

E-Mail: tlsckanodudaipur@gmail.com

प्रेस नोट

दिनांक : 19.03.2026

कुलदीप शर्मा एडीजे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया उप कारागृह कानोड़ का निरीक्षण

आज दिनांक 19.03.2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के सचिव श्री कुलदीप जी शर्मा (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) द्वारा उप कारागृह कानोड़ का औचक निरीक्षण किया गयाए जिसमें उनके साथ तालुका विधिक सेवा समिति कानोड़ के सचिव श्री गिरधारी लाल नायक भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बंदियों से सीधा संवाद कर उनके भोजन, नाश्ते, चिकित्सा, मुलाकात और एसटीडी जैसी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई तथा जेल परिसर में साफ-सफाई के संबंध में जेल कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए निःशुल्क विधिक सहायता और अपील के संबंध में विशेष निर्देश प्रदान किए गए। उन्हें नालसा हेल्पलाइन 15100, नालसा पोर्टल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना, लीगल एड क्लिनिक एवं अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए आश्वस्त किया गया कि किसी भी बंदी को जानकारी के अभाव में न्याय से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

सादर प्रकाशनार्थ।

भवदीय

सचिव

तालुका विधिक सेवा समिति

कानोड़, जिला उदयपुर

तालुका विधिक सेवा समिति
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
कानोड़, जिला-उदयपुर (राज.)